1ST TERMINAL EXAM (11.10.2023)

CLASS- IX SUBJECT – HINDI M.M.80

निर्देश-:

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड क**

**1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 5

पशु को बांध कर रखना पड़ता है क्योंकि वह निरंकुश है चाहे जहां तहां चला जाता है ।इधर उधर मुंह मार देता है। क्या मनुष्य को भी इसी प्रकार दूसरों का बंधन स्वीकार करना चाहिए ।क्या इससे उसमें मनुष्यत्व रह पाएगा। पशु की गले की रस्सी को एक हाथ में पकड़ कर दूसरे हाथ में एक लकड़ी लेकर जहां चाहो वहां चले जाओ ।जिन लोगों को इसी प्रकार हां कर जाने का स्वभाव पड़ गया है ,जिन्हें कोई भी जिधर चाहे ले जा सकता है, काम में लगा सकता है, उन्हें भी पशु ही कहा जाएगा। पशु को चाहे जितना मारो जाए कितना उसका अपमान करो बाद में खाने को दे दो वह पूंछ और कान हिलाने लगेगा। ऐसे नर पशु भी बहुत से मिलेंगे ।जो कुचल जाने अपमानित होने पर भी जरा सी वस्तु मिलने पर चट संतुष्ट और प्रसन्न हो जाते हैं। कुत्ते को कितना भी ताड़ना देने के बाद उसके सामने एक टुकड़ा डाल दो वह झट से मारपीट को भूल कर उसे खाने लगेगा। यदि हम भी ऐसे ही हैं तो हम कौन है इसे स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं। पशुओं में भी कई पशु मारपीट अपमान को नहीं चाहते वे कई दिन निराहार रहते हैं। कई पशुओं में तो प्राण त्याग दिए। ऐसा सुना जाता है इस प्रकार के पशु मनुष्य कोटि के है उसमें मनुष्य का समावेश है यदि ऐसा कहा जाए तो उचित है।

**1-कई पशुओं में प्राण त्याग दिए क्योंकि**

1. उन्हें विद्रोह करने की अपेक्षा प्राण त्यागना उचित लगा
2. उन्हें अपमानित होकर जीवन जीने उचित नहीं लगा
3. यह वह शिक्षा देना चाहते हैं कि प्यार मारपीट से अधिक कारगर है
4. यह वह दिखाना चाहते थे कि लोगों को उनकी आ सकता अधिक है या कि उन्हें लोगों की

**2-वंदन स्वीकार करने से मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

1. मनुष्य सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से कम स्वतंत्र हो जाएगा
2. मनुष्य में व्यक्तिगत इच्छा व निर्णय का तत्व समाप्त हो जाएगा
3. मनुष्य बंधे हुए पशु के समान हो जाएगा
4. मनुष्य की निरंकुशता में परिवर्तन हो जाएगा

**3-मनुष्य को परिभाषित करने हेतु कौन सा मूल अधिक महत्व है?**

1. स्वतंत्र 2.न्याय 3.शांति 4.प्रेम

4-गद्यांश के अनुसार कौन सी उद्घोषणा की जा सकती है?

1. सभी पशुओं में मनुष्यता है 2.सभी मनुष्यों में पशुत्व है

3.मानव के लिए बंधन आवश्यक नहीं है

4.मान अपमान की भावना केवल मानव ही समझता है

5-गद्यांश में नर और पशुओं की तुलना किन बातों को लेकर की गई है?

1.पिटने की क्षमता 2.पूंछ कान का हिलना

3.बंधन स्वीकार करना 4.लकड़ी द्वारा हांका जाना

2-निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

हारा हूं सौ बार गुनाहों से लड़ लड़कर लेकिन बारंबार लड़ा हूं मैं उठ उठ कर ,
इससे मेरा हर गुनाह भी मुझ से हारा , मैंने अपने जीवन को इस तरह उबारा
डूबा हूं हर रोज किनारे तक आ आकर , लेकिन मैं हर रोज उगा हूं जैसे दिनकर
इससे मेरी असफलता भी मुझ से हारी मैंने अपनी सुंदरता इस तरफ सवारी।

1-कभी गुनाहों से सौ बार हारा है लेकिन व लड़ा है?

1.गिर गिर कर 2.भाग भाग कर 3.उठ उठ कर 4.छिप छिप कर

2-कवि ने अपनी असफलताओं को पराजित किया है?

1.गुनाहों से लड़कर 2.घायल होकर

3.विजय की कामना करके 4.अनाचार का सामना करके

3-"डूबा हूं हर रोज किनारे आ आकर" का क्या अर्थ है?

1.प्रतिदिन किनारे आकर डूब गया है 2.वह तैरना नहीं जानता

3.सफलताओं के समीप आकर भी असफल हुआ है

4.असफलताओं से नहीं घबराता

4-"मैंने अपनी सुंदरता इस तरह सवारी" पंक्ति द्वारा कवि के व्यक्तित्व की इस विशेषता का पता चलता है कि उसने विजय प्राप्त की है?

1.अपनी सुंदरता को नष्ट करके 2.अपनी सुंदरता का ध्यान रखकर

3.अपनी सुंदरता को सवार कर 4.हार न मानकर लगातार संघर्ष करते हुए

5-प्रस्तुत काव्य से कवि का क्या आशय है?

1.मनुष्य को असफलताएं देखकर घबराना नहीं चाहिए

2.मनुष्य को सफलता पर गर्व करना चाहिए

3.मनुष्य को असफलताओं से मुंह मोड़ लेना चाहिए

4.उपरोक्त में से कोई नहीं

3- निम्नलिखित गद्य खण्ड के प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। 8

1. "सांवले सपनों की याद" पाठ के आधार पर लेखक की भाषा शैली की चार विशेषताएं बताइए?

2. आपकी दृष्टि में वेशभूषा के प्रति लोगों की सोच में क्या परिवर्तन आया?

3. तुम पर्दे का महत्व नहीं जानते ,हम पर्दे पर कुर्बान हो रहे हैं ?

4. प्रस्तुत पाठ सलीम अली की पर्यावरण के प्रति चिंता को भी व्यक्त करता है। पर्यावरण बचाने के लिए आप कैसे योगदान दे सकते हैं ?

4- निम्नलिखित काव्य खण्ड के प्रश्नों का उत्तर विस्तार दीजिए. 9

1. बंद द्वार की सांकल के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया हैं।
2. कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं?
3. ज्ञानी से कवयित्री का क्या अभिप्राय है?

5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए। 8

1. "आपके लाडले बेटे की रीढ़ की हड्डी भी है या नहीं "......उमा इस कथन के माध्यम से शंकर की किन कमियों की ओर संकेत करना चाहती है ?
2. अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं वह उचित क्यों नहीं है ?

6- अपनी सहेली को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर शुभकामनाएं संदेश लिखिए। 4

7-वोट डालने से पहले दो व्यक्तियों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। 6

8- अपने क्षेत्र में पार्क विकसित कराने के लिए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

9- निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक अनुच्छेद का संकेत बिंदु के आधार पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए। 10

(क) प्रदूषण : कारण और निवारण

1. प्रदूषण का अर्थ
2. वायु प्रदूषण
3. जल प्रदूषण
4. ध्वनि प्रदूषण
5. प्रदूषण के दुष्परिणाम
6. प्रदूषण का निवारण

(ख) बेरोजगारी : समस्या और समाधान

1. भूमिका
2. अर्थ
3. कारण

4. दुष्परिणाम

5. समाधान

10-निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए। 10

1. सलीम अली की पत्नी का क्या नाम था?
2. साइलेंट वैली किसे कहा गया है?
3. प्रेमचंद ने कैसे जूते पहनकर फोटो खिंचवाई थी?
4. लेखक का जूता कहां से फटा हुआ था?
5. मांझी का यहां क्या अर्थ है?
6. शिव कहां बसते हैं?
7. तहमानी कब से सलीम अली के साथ थी?
8. सलीम अली के ज्ञान की तुलना किस की गई है?
9. D.H लॉरेंस किस भाषा के अच्छे लेखक थे ?
10. प्रेमचंद का जन्म कब और कहां हुआ था?

11-निम्नलिखित सामाजिक पदों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए। 10

1. रातोंरात
2. यथाशक्ति
3. त्रिलोचन
4. तुलसीकृत
5. नीतिनिपुण
6. राजा -प्रजा
7. महादेव
8. विघ्नधन
9. चौमासा
10. पंचमुखी

**************************************************